# B.A. (Honours) Semester-V Examination 2014
## HINDI
### Paper : H-12

**Time : Three Hours** **Full Marks : 40**

Questions are of value as indicated in the margin

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए— 8×2 =16

(क) हम जंगल में थोड़े रहते हैं। आदमी हैं, आदमी के ही बीच रहते हैं। तो, हमारे यहाँ तेरा निरबाह नहीं होगा? तेरे मालिक महीना दो महीना जेल काटकर छूट आवेंगे, फिर तू उनके साथ ही रहना।

(ख) उसके बाद आँखों के सामने वे बड़े-बड़े मैदान तैर गए जो स्कूल जाते समय बस में से दूर-दूर दिखाई देतें हैं। मैदान के दूसरे सिरे पर बनी हुई पहाड़ियाँ, जिनके पीछे से सूरज निकल डूबकर दिन और रात करता है। कौन जाने उन पहाड़ियाँ की तलहटी में कोई साधू बैठा हो, जिसके पास जादू की खड़ाऊँ हो, जादू का कमंडल हो। एक बार जाकर ज़रुर देखना चाहिए, पर जाए कैसे?

(ग) मैं देर तक ठिठुरता रहा। कमरे की अँगीठी में लकड़ियाँ पड़ी थी'– सूखी, अधजली। रोशनदान में फँसा पुराना अखबार बार-बार काँपने लगता था... जैसे कोई पक्षी उड़ने के लिए बार-बार पंख फड़फड़ाता हो-और फिर असहाय-सा बैठ जाता हो।
"तुम विश्वास करते हो? सच बताओ!..."

(घ) आखिर पाँच बजते-बजते तैयारी मुकम्मल होने लगी। कुर्सियाँ, मेज़, तिपाइयाँ, नैपकिन, फूल, सब बरामदे में पहुँच गये। ड्रिंक का इन्तजाम बैठक में कर दिया गया। अब घर का फालतू सामान आलमारियों के पीछे और पलंगो के नीचे छिपाया जाने लगा। तभी शामनाथ के सामने सहसा एक अड़चन खड़ी हो गयी– माँ का क्या होगा?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए — 12×2 =24

(क) 'बलचनमा' उपन्यास के कथ्य का विश्लेषण कीजिए।

(ख) 'आपका बंटी' का मूल प्रतिपाद्य लिखिये।

(ग) 'वे दिन' का कथ्य, दूसरे महायुद्ध के प्रभाव को किस रूप में व्यंजित करता है? तर्कपूर्ण विश्लेषण करें।

(घ) 'चीफ की दावत' अथवा 'बदबू' कहानी से किसी एक की समीक्षा कीजिए।